# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांकः प.14(157)RSSB/अर्थना/ग्राविवि/क.त.स/ले.स/संविदा/भर्ती/2024/ दिनांक :11.12.2024

## –:: संविदा कनिष्ठ तकनीकी सहायक एवं संविदा लेखा सहायक सीधी भर्ती–2024::–

महात्मा गांधी नरेगा, ग्रामीण विकास विभाग के लिये राजस्थान कॉन्ट्रेक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स, 2022 यथा संशोधित के अन्तर्गत निम्नलिखित संविदा पदों पर भर्ती हेतु निर्धारित प्रपत्र मे राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा योग्य अभ्यर्थियों से विज्ञापन में वर्णित शर्तो एवं निर्बन्धनों के अध्याधीन ऑनलाईन आवेदन पत्र (Online Application Form) आमंत्रित किये जाते हैं:–

| पद का नाम | विज्ञापित पद संख्या | | आयु (दिनांक 01.01.2026) | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|
| संविदा कनिष्ठ तकनीकी सहायक | गैर अनुसूचित क्षेत्र | 2021 | न्यूनतम 21वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष से कम। | 16900/– प्रतिमाह मानदेय होगा। |
| | अनुसूचित क्षेत्र | 179 | | |
| संविदा लेखा सहायक | गैर अनुसूचित क्षेत्र | 316 | | 16900/– प्रतिमाह मानदेय होगा। |
| | अनुसूचित क्षेत्र | 84 | | |
| | **कुल** | **2600** | | |

**पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता:–**

**1. संविदा कनिष्ठ तकनीकी सहायक**

1. Degree B.E./B.Tech or diploma in civil engineering or degree in B.E./B.Tech in Agricultural Engineering from a University established by law in India.

**2. संविदा लेखा सहायक**

1. Graduation form any University established by law in India or a College affiliated thereto.

**And**

2. "O" or Higher Level Certificate Course conducted by DOEACC under the control of Department of Electronics, Government of India. OR Computer Operator and Programming Assistant (COPA)/ Data Preparation and Computer Software (DPCS) Certificate conducted under National State Council of Vocational Training Scheme. OR Diploma in Computer Science/ Computer Applications from a University established by law in India or an Institution recognized by the Government. OR Diploma in Computer Science & Engineering from a Polytechnic Institution recognized by the Government. OR Rajasthan State Certificate Course in Information Technology (RS&CIT) conducted by Vardhman Mahaveer Open University, Kota under the control of Rajasthan Knowledge Corporation Limited.

**आवेदन करने की अवधि**:–ऑनलाइन आवेदन पत्र एवं पंजीयन शुल्क **दिनांक 08.01.2025 से दिनांक 06.02.2025 को रात्रि 23.59 बजे** तक भरे जा सकेंगे। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि अन्तिम दिनांक का इन्तजार किये बिना निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन करें।

**परीक्षा आयोजन** :– बोर्ड द्वारा संविदा कनिष्ठ तकनीकी सहायक के उक्त पदों पर भर्ती परीक्षा संभावित दिनांक 18.05.2025 एवं संविदा लेखा सहायक के उक्त पदों पर भर्ती परीक्षा संभावित दिनांक 16.06.2025 को कम्प्यूटर आधारित परीक्षा(CBT)/टेबलेट आधारित परीक्षा (TBT)/ऑफलाईन (ओ.एम.आर.) आधारित परीक्षा आयोजित करवाई जानी प्रस्तावित है। परीक्षा के संबंध में विस्तृत सूचना बोर्ड की वेबसाईट एवं प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अलग से दे दी जायेगी। बोर्ड के पास परीक्षा की दिनांक एवं स्थान में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित है।

**अन्य बिन्दु व सूचना**:–पंजीयन शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, पदों का वर्गीकरण, आयु में छूट के प्रावधान, परीक्षा की स्कीम एवं पाठ्यक्रम इत्यादि की सूचना विस्तृत विज्ञापन में बोर्ड की वेबसाइट rssb.rajasthan.gov.in पर अलग से जारी किया जाएगा।

इस परीक्षा के संबंध में समय–समय पर जारी सूचनाओं को बोर्ड की उपरोक्त वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन/सूचना हेतु राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष नं. 0141–2722520 पर सम्पर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 को सम्बोधित किया जावें।

(डॉ. बी.सी. बधाल)
सचिव

क्रमांकः प.14(157)RSSB/अर्थना/ग्राविवि/क.त.स/ले.स/संविदा/भर्ती/2024/ दिनांक :

**प्रतिलिपी निम्न को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1 आयुक्त, सूचना एवं जनसर्म्पक निदेशालय, राजस्थान जयपुर को बोर्ड की संक्षिप्त विज्ञप्ति की प्रति प्रेषित कर निवेदन है कि इस विज्ञप्ति को दैनिक भास्कर, राजस्थान पत्रिका, दैनिक नवज्योति अखबार में दिनांक 12.12.2024 को राजस्थान के समस्त दैनिक संस्करण में प्रकाशित करवाकर बिल भुगतान हेतु बोर्ड को प्रेषित करावें।

सचिव

ajKaj Ref No.: 12356664